RNI NO.: UPHIN/2010/32733

ग्राम भारती

कृषि, ग्राम विकास, सहकारिता और पंचायतीराज का पाक्षिक

वर्ष : 11 अंक : 07 लखनऊ, गुरुवार, 16 जुलाई 2020 मूल्य 5 रुपये पृष्ठ : 8

आकाश से आफत:किसान बेहाल

उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर कोरोना का कहर जारी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आकाश से आफत आई हुई है। समूचे प्रदेश में इस समय करोड़ों की संख्या में टिड्डी दल मंडरा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओलावृष्टि ने कई किसानों की जान ले ली है।

सीतापुर के ग्रामीण इलाकों में प्रकोप

मिश्रित-सीतापुर(उ.प्र. समाचार सेवा)। कोरोना कहर के चलते जहां एक ओर लॉक डाउन की मार से जनता कराह रही है वहीं टिड्डी दल ने आज यहां तहसील क्षेत्र में धावा बोलकर किसानों का जीना मुहाल कर दिया है जिसकी सूचना पाकर तहसील प्रशासन भी किसानों के साथ मिलकर उसे भगाने की कवायद में जुट गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुतुबनगर , इस्लाम नगर,बरमी , फुलरुवा , बढह्या, महसुनिया , वजीरनगर , बीहट गौर , शिवथान , गोपलापुर , सहित आस-पास के दर्जनों गांवो में शनिवार सुबह टिड्डी दलों ने अचानक धावा बोल दिया । लेकिन यहां के किसान पहले से काफी सतर्क और संजीदा थे । जिससे टिड्डी दल के आते ही सभी किसानों नें अपने अपने खेतों में धुंआ और थाली,पीपा पीटकर व ट्रैक्टर एवं मोटर साइकिल का सालेंसर निकाल कर तेज आवाज करने लगे साथ ही तहसील प्रशासन को टिड्डी दल आने की सूचना दी । टिड्डी दल आने की सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी राजीव पाण्डेय ने मौके पर पहुंच कर सभी किसानों का सहयोग करते हुए मनोबल बढ़ाने का काम किया और किसानों के साथ स्वयं थाली तेज आवाज में बजाकर टिड्डी दल को भगाने का प्रयास किया । बन खंड शिवथान में रोपित किए गए पौधों को टिड्डी दलों को वन कर्मियों ने थालियां बजाकर भगाकर हजारों की तादात में पौधे बचाने का काम किया। वहीं तहसीलदार ने कुतुब नगर पहुंचकर किसानों को जागरूक करते हुए टिड्डी दलों को खदेड़ना शुरू कर दिया। नायब तहसीलदार , कृषि अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों ने आनन फानन में प्रभावित गांवों को पहुंच कर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और किसानों के साथ मिलकर तेज आवाज एवं धुंऐ से भगाने का प्रयास किया । खेतों में हो रहे धुंऐ और तेज आवाज से डर कर टिड्डी आगे निकल गया ।

उत्तर प्रदेश की राजधानी तक पहुंचा में टिड्डी दल

उ.प्र. समाचार सेवा

टिड्डियों का दल उत्तर प्रदेश की राजधानी तक पहुंच गया है। इसके दल राजधानी की सड़कों तथा गली मोहल्लों में दिखायी दे रहे हैं। टिड्डी दल बचाव के लिये नगर के लोग छतों पर चढ़कर थाली, घंटी और अन्य बर्तन बजाकर टिड्डियों को भगा रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश पुलसि ने अपने बाइक स्क्वायड को सक्रिय किया है। यह वाइकों पर लगे हूटर से तेज आवाज करके टिड्डियों को भगाने का प्रयास कर रहे हैं। लखनऊ जनपद में टिड्डी दल ने बीते गुरुवार को प्रवेश किया। सीतापुर, लखीमपुर., हरदोई, शाहजहापुर होते हुए यह टिड्डी दल जिले की सीमा में प्रवेश कर गया। इसने सबसे ज्यादा नुकसान माल, मलीहाबाद, काकोरी आदि इलाकों में किया है।

एनसीआर से पश्चिम उत्तर प्रदेश होकर आई टिड्डियां

टिड्डियों का दल उत्तर प्रदेश में एनसीआर के रास्ते आया है। एक सप्ताह में इसने पश्चिम यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, रामपुर, पीलीभीत, बदायुं, शाहजहांपुर होते हुए मध्य उत्तर प्रदेश में प्रवेश किया। दल आगरा मण्डल के कई जिलों में भी तबाही मचा चुका है। इसके पहले यह हरियाणा, पंजाब के किसानों के सामने भी समस्या खड़ी कर चुका है। इन राज्यों के किसानों ने कई तरह के उपाय करके इन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद इस दल ने उत्तर प्रदेश का रुख किया है। जबकि यह दल पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान में पहुंचा था।

मैनपुरी में किसानों की फसल व पेड़ों को पहुंचाया नुकसान

मैनपुरी। किशनी तहसील क्षेत्र में में फसलों के लिये घातक टिड्डी दल ने दोबारा हमला बोल दिया। दो सप्ताह बाद शनिवार को भी टिड्डी दल ने फसलों को बर्बाद किया। पूरे दिन क्षेत्र में टिड्डी से बचाव के लिये किसान खेतों पर जमे रहे।जिला कृषि अधिकारी ने रठेह पहुंचकर नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।दो सप्ताह पूर्व 28 जून को टिड्डी दल ने जिले में धावा बोल दिया था। टिड्डी दल ने किशनी क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में फसल को बर्बाद किया था। किसानों ने परिवार सहित खेतों पर तेज ध्वनि कर टिड्डियों को किसी तरह भगाया था। दो दिन तक टिड्डियों ने क्षेत्र के कई गांव में अपना कहर बरपाया था। शनिवार को एक बार फिर टिड्डी दल ने भारी संख्या में रठेह ग्राम सभा में फसल पर हमला कर दिया। क्षेत्र के गांव रठेह,भैंसापुर डबाह,नगला महुआ,कत्तरा,मकोया,सींगपुर,ऊमराहार सहित कई गांव में टिड्डी दल की दस्तक पर ग्रामीण थाली बजाकर भगाने में जुट गए। किसानों ने किसी तरह तेज ध्वनि कर टिड्डियों को भगाने की कोशिश की।मामले की सूचना एसडीएम रामशकल मौर्य व जिला कृषि अधिकारी गगनदीप सिंह को दी गयी। जिस पर जिला कृषि अधिकारी गगनदीप सिंह तत्काल रठेह पहुंचे। उन्होंने किसानों से नुकसान की जानकारी ली। भाकियू भानु गुट के युवा जिलाध्यक्ष शिवाकांत दुबे ने बताया कि टिड्डियों ने इस समय खेतों में खड़ी मक्के,धान और ढेंचा की सह्यकड़ों बीघा फसल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। जिला कृषि अधिकारी गगनदीप सिंह ने किसानों को समझाया कि टिड्डियों को भगाने में तेज ध्वनि ही सबसे कारगर उपाय हैं।

सम्पादकीय

गन्ना मूल्य बनाम चीनी

जनपद बिजनौर के लगभग चार लाख गन्ना किसानों का जनपद की नौ चीनी मिलों पर करोड़ों रुपया बकाया है। गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होने की स्थिति में जहां किसान नकद पैसे के लिए परेशान हैं, वहीं किसान मिलों से चीनी लेने के सरकारी आदेशो में किसान रुचि नहीं दिखा रहे हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें गन्ने का नकद पेमेंट चाहिए ना कि चीनी चाहिए। जनपद के लगभग साढ़े तीन लाख किसानों ने चीनी मिलों से अपने गन्ने के पेमेंट के बदले लगभग पंद्रह हजार क्विंटल चीनी ही खरीदी है। जिले के गन्ना किसानों को भुगतान के बदले गन्ना भुगतान को कम करने के उद्देश्य से शासन द्वारा चीनी मिलों को गन्ना किसानों को एक क्विंटल चीनी प्रतिमाह देने के निर्देश दिए गए थे। अप्रैल माह में जारी किए गए यह आदेश तीस जून तक प्रतिमाह एक कुंतल चीनी देने का था। किसानों ने चीनी मिलों से चीनी खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके सापेक्ष लगभग साढ़े तीन लाख किसानों ने अप्रैल माह से अब तक मात्र पंद्रह हजार कुंतल चीनी ही चीनी मिलों से उठाई है। जिससे साफ जाहिर है कि जिले का किसान गन्ना भुगतान के बदले चीनी नहीं लेना चाहता है। जबकि कई चीनी मिल शासनादेशों के बावजूद किसानों को चीनी नहीं दे रहे हैं। इन चीनी मिलों को जिला गन्ना अधिकारी द्वारा नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। किसानों को मिलों से चीनी लेने की अवधि को भी शासन द्वारा 15 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। जनपद के किसानों का करोड़ों रुपए का गन्ना भुगतान अभी भी लटका हुआ है और चीनी मिलों के गोदामों में चीनी भरी हुई है। चीनी को गोदामों से निकालने एवं किसानों के गन्ना भुगतान को कम करने के लिए शासन द्वारा चीनी मिलों द्वारा किसानों को एक कुंतल चीनी प्रतिमाह देने के निर्देश जारी किए गए थे। जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह का कहना है कि किसानों को जरूरत के हिसाब से चीनी दी जा रही है और जो मिल चीनी देने में आनाकानी कर रहे हैं उनको नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

आशा बहुओं की दबंगता तोड़ रही कोरोना प्रोटोकाल

आलोक कुमार वाजपेयी

सीतापुर के डफरिन अस्पताल में कोरोना की रोकथाम को लेकर हुई सख्ती से सबसे अधिक परेशानी आशा बहुओं को हो रही है। ये वे आशा बहुए हैं जिनका कथित आमदनी का जरिया प्रसव कराना बताया जा रहा है। इस प्रकार की चर्चाएं की जा रही है हालांकि अब मामला पुलिस के संज्ञान में पहुंचा है तो पुलिस मामले की जांच करके हकीकत का पता लगा ही ले लेगी । लेकिन सत्य यह भी बताया जा रहा है कि पिछले काफी दिनों से डफरिन की आशा बहुएं चर्चाओं के दौर गुजरती रही हैं। गौरतलब यह भी है कि कोरोना संक्रमण के फैलाव रोकने के लिए डफरिन में एंट्री बंद होने से आशा परेशान हैं। आए दिन इसको लेकर विवाद हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व महिला पुलिसकर्मी से प्रवेश को लेकर हुई धक्का-मुक्की के बाद गुरुवार को एक बार फिर भीतर दाखिल होने की इजाजत नहीं मिलने से गुस्साई आशा ने पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची यूपी-112 की पुलिस टीम ने पूरे मामले को समझने के बाद आशा को शांत कराया और चली गई। दरअसल, प्रसूताओं को

कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए डफरिन में एंट्री बंद होने से आशा परेशान हैं आए दिन इसको लेकर विवाद हो रहे हैं कुछ दिन पूर्व महिला पुलिसकर्मी से प्रवेश को लेकर हुई धक्का-मुक्की के बाद गुरुवार को एक बार फिर भीतर दाखिल होने की इजाजत नहीं मिलने से गुस्साई आशा ने पुलिस बुला ली।

लेकर डफरिन आने वाली आशा के प्रवेश पर कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सीएमएस डॉ. सुषमा कर्णवाल ने रोक लगा रखी है। नाम दर्ज कराने के लिए गेट पर रजिस्टर रखवाया गया है, लेकिन इसके बाद भी आशा जबरन अस्पताल में दाखिल होने की कोशिश करती हैं। कुछ दिन पहले ही एक आशा का महिला पुलिसकर्मी से एंट्री को लेकर ही विवाद हो गया था। गुरुवार को भी विवाद होते-होते बचा। बताया जाता है कि एक आशा किसी मरीज को लेकर अस्पताल में घुस रही थी। गेट पर तैनात गार्ड ने जाने से मना किया, इस पर आशा भड़क उठी। उसने यूपी-112 पर कॉल कर दी। कुछ देर बाद पुलिस आ गई। सूचना पाकर सीएमएस डॉ. सुषमा कर्णवाल को भी गेट पर आना पड़ा। पुलिसकर्मियों को सीएमएस ने पूरी बात बताकर अस्पताल में एंट्री पर रोक होना बताया। इसके बाद पुलिसकर्मी आशा को शांत कराकर मौके से चले गये। इस दौरान काफी देर तक गेट पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. सुषमा कर्णवाल ने बताया कि अस्पताल में एंट्री नहीं मिलने से आशा ने कॉल कर यूपी-112 की पुलिस टीम बुला ली थी। पुलिसकर्मी मामला जानने के बाद चले गए थे।

ग्राम भारती पाठक मंच

स्वामित्व योजना पर गंभीर नहीं राजस्व अधिकारी

बिजनौर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी व निजी संपत्तियों पर अवैध कब्जा धारकों से कब्जे हटाकर उन्हें राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने वाली महत्वपूर्ण *स्वामित्व योजना* को जनपद बिजनौर का राजस्व विभाग हल्के में ले कर लीपापोती करने में लगा हुआ है। जनपद बिजनौर के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घरों के अगल-बगल की ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर अपनी पैतृक संपत्ति की तरह उपयोग कर रहे ग्रामीणों का कब्जा बरकरार है। वहीं जनपद बिजनौर में ग्राम समाज के अधिकांश तालाबों, खलिहानों व सार्वजनिक उपयोग की अन्य जमीनों पर भी अवैध कब्जेदारों ने स्थाई कब्जा कर लिया है। जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में देखने में आया है कि अधिकांश ग्रामीणों द्वारा अपने मकान के अगल-बगल में पड़ी ग्राम समाज, खलिहान, सड़क, तालाब, नाले

गांव के तालाबों, ग्राम समाज की जमीनों पर हैं अवैध कब्जे, बने हैं पक्के भवन

व सार्वजनिक उपयोग की अन्य जमीनों को अपनी निजी संपत्ति की तरह कब्जा करके उसको उपयोग में ले रहे हैं। हालात यहां तक हैं कि दशकों पुराने तालाबों को पाटकर अवैध कब्जे कर लिए गए हैं। और अधिकांश जगह स्थाई या अस्थाई निर्माण भी कर लिए गए हैं। जो कागजों में अब भी सार्वजनिक भूखंड व तालाब हैं। लेकिन मौके पर ऐसी जमीनों का कहीं अता पता नहीं है। इस तरह के तमाम भूमि विवाद भी विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में लागू की गई अति महत्वपूर्ण *स्वामित्व योजना* के तहत ग्रामीण आबादी के अंतर्गत सरकारी व निजी परिसंपत्तियों को अलग-अलग चिन्हित कर डिजिटल अभिलेख तैयार किया जाएगा, और ग्रामीणों को इसका प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इससे वे अपने मकान एवं आबादी के भूखंड पर बैंकों से ऋण भी ले सकते हैं। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई से आबादी के बीच व अगल बगल में पडने वाली ग्राम समाज की जमीनों पर से भी अवैध कब्जे हट सकेंगे। और ऐसी जमीनों का चिन्हाकंन भी हो सकेगा।

पुखराज सिंह मलिक, बिजनौर

गोशाला की उपेक्षा पर सीतापुर के विधायक ने नाराजगी जताई

रामपुर मथुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देशी लौकिया में गौशाला है। जिसमें बृहस्पतिवार के दिन विधायक ज्ञान तिवारी ने निरीक्षण किया निरीक्षण में गायों की देखरेख व चारा पानी व अव्यवस्था को लेकर सेउता विधायक भड़क गए और मौजूद खंड विकास अधिकारी व डॉक्टर को कड़ी फटकार लगाई और कहा गाय की सेवा नारायण ने की है और हिंदू धर्म में गाय की पूजा होती है जो जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करेगा उसको ईश्वर माफ नहीं करेगा ऐसे में जानवरों के साथ कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अगर किसी भी अधिकारी के द्वारा गौशाला के प्रति कोई भी अनियमितता बरती जाती है तो वह अधिकारी जिम्मेदार होगा सोशल मीडिया पर बुधवार के दिन कई गाय मरने की सूचना मिल रही थी तथा देशी लौकिया के ही समाज सेवक राजकुमार ने गायों की देखरेख की अव्यवस्था को लेकर मुझे फोन भी किया था जिससे मुझे गौशाला तक आना पड़ा अगर दोबारा गौशाला के संबंध में कोई भी अनियमितता की शिकायत मिलती है तो उसके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा वहीं खंड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा को निर्देशित किया की क्षेत्र में बने गौशालाओं के प्रति एक समिति बनाई जाए जिसमें मुझे भी संरक्षक के तौर पर रखा जाए, जिसमें चंदा लगाकर जानवरों की देखरेख वह भूसा चारा की व्यवस्था हो सके वही पशु चिकित्सा अधिकारी राकेश मलिक को पशुओं की देखरेख बीमार पशुओं का इलाज करने के लिए भी हिदायत दी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार चौरसिया एडीओ पंचायत संजय सिंह एडीओ आईएसबी अशोक कुमार त्रिवेदी जेई कमलेश मौर्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश मलिक भाजपा जिला पत्नी लक्ष्मी मौर्य प्रधान जगदंबा सहाय जमुना कोठवल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

यूपी 112 की सेवाओं का विस्तार किया गया

लखनऊः 12 जुलाई, 2020 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आम जनता को आकस्मिकता की स्थिति में पुलिस विभाग की सेवाओं की त्वरित गति से उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यू0पी0-112 सेवा को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाया गया है।

अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी के निदेर्षों के क्रम में यू0पी0 112 की सेवाओं को और अधिक विस्तार दिया गया हह्य। इसके लिए जहां एक ओर यू0पी0 112 को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार आपात सेवा के रुप में संचालित करने की दिषा में गम्भीरता से प्रयास किये गये है।

वहीं इसके माध्यम से वर्तमान सेवा के अलावा फायर सर्विस, जीआरपी, 108 एम्बुलेन्स सेवा व 1090 वीमेन पावर लाइन जह्यासी सेवाओं की भी उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने की व्यवस्था की गई है।

अपर पुलिस महानिदेषक, यू0पी0 112, श्री असीम अरुण ने बताया कि यू0पी0 112 के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की सराहना का दायरा जहां एक ओर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है वहीं इसकी ख्याति विदेषों तक भी जा पहुंची है। इसका उदाहरण है दुबई पुलिस द्वारा गत वर्ष सम्पन्न अन्तर्राष्ट्रीय कॉल सेन्टर प्रतियोगिता में यू0पी0 112 को तृतीय पुरुस्कार मिला, जिसमें विष्व भर के कई देषों की पुलिस द्वारा हिस्सा लिया गया था। यू0पी0 112 की सेवाएं जहां पहले सामान्य घटनाओं व आपातकालीन सूचनाओं पर कार्य करती थी वहीं अब इसके माध्यम से आग लगने पर भी शीघ्र मदद पहुँचाने हेतु अग्निषमन विभाग से भी जोड़ दिया गया है। ट्रेनो में राजकीय रेलवे पुलिस की सहायता प्राप्त करने हेतु भी इस नम्बर का प्रयोग अब किया जा सकेगा। किसी भी आकास्मिक आपदा के समय राज्य आपदा मोचक बल से मदद पाने के लिए भी उससे जोड़ा गया हह्य। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाये जाने के लिए इसको वीमेन पावर लाइन (1090) से जोड़ा गया है साथ ही इसको पिंक बस सेवा से भी इंटीग्रेटेड किये जाने की व्यवस्था की गई है। श्री अरूण ने यह भी बताया कि 26 अक्टूबर, 2019 से अब तक कुल 44,68,451 कॉल्स मदद के लिए यू0पी0 डायल 112 पर की गयी है, जिस पर त्वरित कार्यवाही हेतु सम्बन्धित ईकाईयों यथा अग्निषमन-34,652, जी0आर0पी0-8,917, मेडिकल-5,47,875, पुलिस-38,66,572 एवं यू0पी0एस0आर0टी0सी0-10,435 कॉल्स को मदद हेतु स्थानान्तरित किया गया। महिलाओं को भय मुक्त वातावरण देने के लिए राज्य सरकार के निर्देष पर यू0पी0 112 द्वारा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक महिला स्कार्ट की सुविधा शुरू की गई जिसके अन्तर्गत अकेली महिला को सुरक्षित उसके गन्तव्य तक पहुँचाने में पीआरवी की मदद ली गई है। वर्तमान समय में 10 प्रतिषत पुलिस रिस्पान्स व्हीकल को महिला पीआरवी के रुप में लगाया गया है। लॉक डाउन के दौरान लगभग 100 महिलाओं को आपात स्थिति में गन्तव्य तक पहुँचाया गया।

घरेलू हिंसा की षिकार महिलाओं के लिए यू0पी0 112 की ओर से विषेष व्यवस्था शुरू की गई हह्य जिसके तहत पीड़ित महिलाओं की षिकायत पर उनका पंजीकरण भी शुरू किया गया हह्य। इस वर्ष 8 मार्च से शुरू हुई इस योजना में 2119 महिलाओं ने स्वयं यू0पी0 112 को कॉल कर व 1577 महिलाओं के घर जाकर महिला पीआरवी द्वारा विस्तार से पंजीकरण किया गया हह्य। ताकि किसी भी समय इनके द्वारा षिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही सुनिष्चित की जा सके। सीनियर सिटीजन व वृद्ध जनों की मदद के लिए यू0पी0 112 की तरफ से सवेरा नामक योजना शुरू की गई हह्य जिसके तहत 7 लाख 30 हजार से अधिक बुजुर्गो का पंजीकरण कर इनके लिए एक अलग से डेस्क यू0पी0 112 में बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कोई भी जरुरतमंद बुजुर्ग काल कर अपना पंजीकरण करा सकते हह्य। ऐसे बुजुर्ग जब काल करते है तो उन्हें न्यूनतम समय में मदद का प्रयास किया जाता है।

हैल्पलाइन 112 से जोड़ी गई 1090 तथा 108 एम्बुलेंस सेवा
घरेलू हिंसा रोकने के लिए किये गए उपाय
बरिष्ठ नागरिको के लिए व्यवस्था

निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का शत-प्रतिशत ध्यान रखें:डीएम

अमरोहा। जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने विकास कार्यों की समीक्षा की। बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बह्यठक में विभागों की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश दिए। बह्यठक से नदारद रहे अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं, अधिशासी अभियंता विद्युत का वेतन रोकने के आदेश दिया। डीएम ने कहा कि शासन की हर योजना का लाभ पात्र को ही मिलना चाहिए। अपात्र सरकार की योजना का लाभ न लेने पाएं। जो निर्माण कार्य चल रहे हह्य उनमें गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का शत-प्रतिशत ध्यान रखा जाये। गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि कोविड-19 के दृष्टिगत बड़ी संख्या में प्रवासी जनपद में आए हह्यं उन्हें काम दिया जाए। मनरेगा में जो भी कार्य हो रहे हह्य उसकी प्रगति की प्रतिदिन वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई जाए और रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने कलेक्ट्रेट में गठित प्रवासी से अप्रवासी रोजगार सेल की समीक्षा की। परियोजना निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि कितने स्वयं सहायता समूह गठित हह्यं कितने को काम दिया गया हह्य इसकी पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराये। बोले, रोजगार सृजन कार्य मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हह्य इसे पूरी ईमानदारी व परिश्रम पूर्वक किया जाए किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नवचेतना एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी के डायरेक्टर मुकेश पांडेय बने निर्यातक

मीरजापुर। जिले के चुनार तहसील क्षेत्र के सीखड़ में एपीडा व नाबार्ड द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंडलायुक्त दीपक कुमार अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में एमडीएस मानवीय दृष्टिकोण सेवा संस्थान द्वारा प्रमोटेड नवचेतना कृषि एग्रो सेंटर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सीखड़ के डायरेक्टर मुकेश कुमार पांडेय को वाराणसी के मंडलायुक्त दीपक कुमार अग्रवाल ने एक्सपोर्ट लाइसेंस देकर सम्मानित किया। नाबार्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चार मंडल में उत्पादक संघ को एक्सपोर्ट लाइसेंस देकर संस्था के निदेशक राही पांडेय, अनुज सिंह, एपी सिंह वाराणसी ने किसानों के उत्पाद को ग्लोबल रिच देने के लिए मंडलायुक्त को धन्यवाद। दिया। इस मौके पर दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

बिसवां में उदासीन कार्यशैली से परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था चौपट

बिसवाँ-सीतापुर(उ0प्र0 समाचार सेवा)। कोरोना संक्रमण के चलते १४ मार्च से बन्द चल रहे परिषदीय स्कूलों में इस समय कागजी घोड़े तेज रफ्तार से चलते सहज ही देखे जा सकते हैं। सूचनाओं के नाम पर जहां शिक्षकों की नाक में दम है वहीं अधिकारी पूरी तरह मस्त हैं। स्कूली शिक्षा महानिदेशक का खौफ त्वरित मांगी जा रही सूचनाओं में तो दिखता हैं परन्तु विकास के पहिया अपनी जगह से हिलते भी नजर नहीं आ रहे। आइये बात करते हैं सरकारी फरमान के मुताबिक अब तक पूरे हो जाने वाले कार्यों के बारे में। ग्रीष्मावकाश में ही स्कूलों को ग्राम पंचायत से कायाकल्प होना था। ये आदेश प्रधान की मनमानी की भेंट चढ़ गया अंत में यह आदेश आ गया कि गांव के विकास कार्य के बाद यदि धन बचेगा तब कायाकल्प होगा। वर्ष २०१८ से अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चयनित हुए २०१९ में आवेदन लेकर लिखित परीक्षा हुई १ वर्ष बीतने के बाद इन विद्यालयों में नियुक्तियां होना तो दूर उत्तीर्ण शिक्षकों की सूची भी नहीं जारी हो सकी। कान्वेंट स्कूलों से तुलना करने का स्वप्न अब तक अधूरा है,१ वर्ष से अधिक समय से एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों के संविलयन का प्रकरण अब भी अधर में है हां कुछ शिक्षक बी ई ओ की राजनीति का शिकार जरूर हुए और उन्हें अपना चार्ज संबिलित स्कूल के शिक्षक को देना पड़ा बी एस ए ने इन विद्यालयों में धन आहरण पर रोक लगाई परंतु सब कुछ हवा हवाई। आन लाइन शिक्षा की यदि बात की जाए तो ये पूरी तरह से असफल रही। प्रारंभ में प्रयास हुए परंतु संगठन के विरोध के बाद केवल स्मार्ट फोन पर ग्रुप बनने तक सीमित रहे।इसमें न शिक्षकों ने रुचि ली और न ही अधिकारियों ने सक्रियता। यह कहा जा सकता स्कूली शिक्षा महा निदेशक का प्रयास सराहनीय है। इ धर बेसिक शिक्षा मंत्री लाक डाउन अवधि का एम डी एम और कनवर्जन कास्ट बच्चों को देने के आदेश दिए थे परन्तु यह महत्वाकांक्षी योजना भी अभी तक परवान नहीं चढ़ सकी। कुल मिलाकर परिषदीय स्कूलों की इसी रवैया के कारण जो छबि बनी है वह सुधारने से रही।

वर्ष २०१८ से अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चयनित हुए २०१९ में आवेदन लेकर लिखित परीक्षा हुई १ वर्ष बीतने के बाद इन विद्यालयों में नियुक्तियां होना तो दूर उत्तीर्ण शिक्षकों की सूची भी नहीं जारी हो सकी

पंचशील को भूलें, अब तिब्बत स्वायत्ता के लिए आगे बढ़ें

- भूपत सिंह बिष्ट -

चीन को उसकी कुटिलता और पैंतरों से सबक सिखाने का समय अब आ गया है - अपने जांबाज शहीदों के बलिदान को सकारात्मक सोच में बदला जाये। चीन अधिगृहीत तिब्बत सीमा पर हो रहे बलिदानों को न भूलने के साथ, अब चीन के खिलाफ ठोस कार्रवाई का वक्त है।

हमारा चीन पर अति विश्वास आत्मघाती रहा है। 1954 में जवाहरलाल नेहरु की सरकार ने पंचशील समझौते के तहद चीन के साथ व्यापार और शांति के प्रयास किये थे। 15 मई 1954 को संसद में नेहरु ने चीन के साथ समझौते का प्रस्ताव रखा - जिस में तिब्बत को पक्षकार नहीं बनाया गया था। दूसरे शब्दों में हमने तिब्बत को प्लेट में सजाकर विश्व के सामने चीन के आगे परोस कर रख दिया था। आज हम उस कूटनीतिक विफलता को भी झेल रहे हैं। जून 1954 में चीन के राष्ट्राध्यक्ष चाऊ एन लाई 3 दिन के दौरे पर भारत आये। हिंदी - चीनी, भाई - भाई के नारों में तिब्बत को भुलाकर तब विश्व के सारे मामलों पर चर्चा की गई।

पंचशील समझौता होते ही लाल चीन ने जून 1954 में भारत पर ही आघात कर दिया और सबसे पहले आज के उत्तराखंड के नीति पास और बाड़ाहाती में चीन ने अपने पांव पसारने शुरु किये। जियो और जीने दो का नारा लाल चीन ने तब खोखला बना दिया था। हर बार चीन की सेना भारतीय सेना पर घुसपैठ का आरोप लगाकर नियंत्रण रेखा को अपने पक्ष में कुछ किमी में हड़प लेती है। 1947 से पहले अंग्रेजों ने चीन के विस्तारवादी रवैये पर अंकुश रखने के लिए तिब्बत और नेपाल के साथ अपनी कूटनीतिक व सैन्य तैयारियां हमेशा चुस्त - दुरूस्त रखी थीं और आज भी हम लोकतंत्र विरोधी चीन के खिलाफ इंग्लैंड, अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों का साथ सहजता से हासिल कर सकते हैं। दलाई लामा और उनकी निर्वासित सरकार चीन को मात देने के लिए भारत के पास एक सबसे प्रमुख हथियार है। तिब्बत के साथ भारत के संबंध

> कुटिल चीन को मात देने के लिए जरूरी है कि हमें स्वतंत्र तिब्बत के आन्दोलन को आगे बढाने में मदद करनी होगी। इसके साथ हजारों साल के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध रहे हैं

भगवान बुद्ध की धार्मिकता के अलावा कभी व्यापार, पोस्ट आफिस, तारघर, गेस्ट हाउस और सेना प्रबंधन आदि के भी रहे हैं। हमने यह सब चीन के धोखे में पंचशील समझौते के तहद एक झटके में गवां दिया। उम्मीद यह रही कि चीन के साथ मिलकर विश्व के दो सबसे बड़े जनसंख्या वाले देश नई विश्व नीतियों के मापदंड तय करने वाले हैं।

गौर से देखा जाये तो चीन की भाषा व संस्कृति का तिब्बत देश की बोली भाषा और संस्कृति से कोई मेल नहीं है। चीन अपने सीमा विस्तार में इतिहास के लच्छेदार प्रसंग और अपनी पब्लिक लिबरेशन आर्मी के शक्ति प्रदर्शन को हमेशा सर्वोपरि मानता है। उधर विश्व की छत कहलाने वाला तिब्बत शांति प्रिय और धार्मिक आस्था में भगवान बुद्ध की शिक्षा बढ़ाने वाला देश है। कैलाश पर्वत, मान सरोवर व राक्षस ताल से सज्जित तिब्बत भूमि में सनातन हिन्दू आस्था का केंद्र बिंदु भगवान शिव का वास स्थान है। आज हम कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए चीन को अरबों रुपए का लाभ दे रहे हैं। हमारा चीन से संघर्ष 1950 में ही शुरू हो गया था - जब उसने अपने नापाक इरादों के साथ तिब्बत पर आक्रमण किया और अपना कब्जा जमाना शुरू किया। भारत की आजादी के प्रारंभिक सालों में हम तब चीन को सबक सिखाने की स्थिति में नहीं थे। लेकिन 1959 में दलाई लामा को

> *पंचशील समझौता होते ही लाल चीन ने जून 1954 में भारत पर ही आघात कर दिया और सबसे पहले आज के उत्तराखंड के नीति पास और बाड़ाहाती में चीन ने अपने पांव पसारने शुरू किये। जियो और जीने दो का नारा लाल चीन ने तब खोखला बना दिया था। हर बार चीन की सेना भारतीय सेना पर घुसपैठ का आरोप लगाकर नियंत्रण रेखा को अपने पक्ष में कुछ किमी में हड़प लेती है।*



शरण देकर हमने साबित कर दिया था कि हम चीन के आगे घुटने टेकने वाले राष्ट्र भी नहीं हैं। विस्तारवादी चीन के लिए भारत की आजादी का समय एक अनुकूल दौर साबित हो रहा था, क्योंकि भारत अपनी आजादी के दौरान पड़ोसी देशों पर चीन की गिद्ध दृष्टि को परखने का अवसर भी नहीं निकाल पा रहा था। 1951 में तिब्बत हड़पने के बाद विस्तारवादी कम्युनिस्ट चीन अब भारत की भूमि पर ललचाने लगा। तिब्बत बार्डर पर बोली - भाषा, समाज और बौद्ध संस्कृति में अनेक समानता के कारण अरूणाचल, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश से लेकर जम्मू कश्मीर तक फैले इन हिमालयी राज्यों पर चीनी अतिक्रमण की काली छाया देर सबेर आनी ही थी।

दलाई लामा की आड़ में चीन ने भारत पर 1962 में आक्रमण किया लेकिन उस से पहले चीन के तानाशाह चैवन लाई अपने पंचशील सिद्धांत और हिंदी चीनी भाई - भाई के नारे से पूरे विश्व की आंखों में धूल झोंकने से बाज नहीं आये। आज जो गलवान घाटी, पैगांग सो झील, लद्दाख में घट रहा है। यहीं खेल चीन ने बाड़ाहाती - नीति पास उत्तराखंड, अरूणाचल प्रदेश के लिए स्टेपल वीसा और डोकलाम सीमा विवाद सिक्किम में खेला है।

ना ही चीन कभी सीमा विवाद को भारत के साथ तय करना चाहता है और ना ही इस हजारों किमी के भू भाग को संभालने की उसकी सैन्य व आर्थिक क्षमता है। सार्क देशों में भारत के प्रभुत्व को कम करने के लिए चीन यह उकसाने वाली कार्रवाई करके पीछे हट जाता है।

भारत को अब चीन अधिगृहित तिब्बत सीमा पर भारी सेना बंदोबस्त, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और साधन व सुविधा जुटाने में भारी निवेश करना पड़ता है। चीन के साथ होने वाले संघर्ष में जनधन की हानि भी उठानी पड़ती है। वैसे 1962 और आज की परिस्थितियों में जमीन आसमान का अंतर है। अब हमारी सभी सीमाओं पर सड़क व वायु मार्ग से एप्रोच बनायी जा चुकी है। अब युद्ध हुआ तो चीन को तिब्बत गंवाना भी पड़ सकता है। दलाई लामा को अंतरराष्ट्रीय मंच न मिले इस के लिए चीन ने अपना सब कुछ दाव पर लगा रखा है लेकिन फिर भी दलाई लामा को यूरोपीय देश नोबुल पीस पुरस्कार जैसे अनेक सम्मान देते रहे हैं। अब भारत को फिर से दलाई लामा को विश्व चर्चा में लाने के लिए ठोस रणनीति बनाकर चीन के खिलाफ डिप्लोमैटिक दबाव बनाने का समय है। तिब्बत की निर्वासित सरकार और तिब्बती युवाओं को चीन के खिलाफ

> *दलाई लामा की आड़ में चीन ने भारत पर 1962 में आक्रमण किया लेकिन उस से पहले चीन के तानाशाह चैवन लाई अपने पंचशील सिद्धांत और हिंदी चीनी भाई - भाई के नारे से पूरे विश्व की आंखों में धूल झोंकने से बाज नहीं आये। आज जो गलवान घाटी, पैगांग सो झील, लद्दाख में घट रहा है।*

मुखर प्रदर्शन की छूट, धर्मशाला और देश के विभिन्न बौद्ध गोम्पाओं से इस लड़ाई को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

तिब्बती युवा अपने देश को आजाद कराने के लिए गाहे - बगाहे धरना, प्रदर्शन, रैलियां चीनी प्रतिनिधियों के सामने करते आ रहे हैं और कई बार तिब्बती युवा आत्मदाह जैसे चरम कदम भी उठा चुके हैं। 1962 की लड़ाई में चीन जो कि अरूणाचल में वेस्ट कामेंग में काफी अंदर तक घुस आया था और अपने सैकड़ों सैनिकों के हताहत होने के बाद भी अपने क्षेत्र में वापस लौट गया तो इस के कई कारण हैं। एक तो पूरा विश्व चीन के खिलाफ खड़ा हो रहा था और दूसरा तिब्बत में चीन की सप्लाई लाइन मजबूत और सुचारू नहीं थी। आज भी चीन अधिकृत तिब्बत में विकास अधूरा है। चीनी सेना तेजी से तिब्बती संस्कृति को नष्ट करने पर उतारू है और चीन से हजारों मील दूर होने के कारण विकास की बयार इस पठारी भू भाग पर धीमी गति से आ रही है। भले ही सड़क और अन्य यातायात मार्ग तिब्बत में मौजूद हैं लेकिन भारत की सीमा से जुड़े क्षेत्र विषम भोगोलिक और विपरीत मौसम के कारण वर्ष में कुछ माह के लिए ही रहने लायक हैं। यानि साल भर यहां रिहायश करना मुश्किल काम है। यह जोखिम लेना चीनी सेना को भारी पड़ सकता है। अधिकतर चीनी सेना भारतीय इलाकों में आकर अपने बंकर व चीनी संदेश लिखकर इसीलिए लौट जाती है। विगत मार्च 2019 में तिब्बती समुदाय ने दलाई लामा के भारत में शरण लेने के 60 वें वर्ष पर अरूणाचल जिमीथांग से धर्मशाला तक पदयात्रा आयोजित कर चीन को अपने बुलंद इरादों का परिचय दिया था। बीच - बीच में दलाई लामा को भारत से बाहर लाने के लिए चीन बातचीत का ड्रामा भी करता है। अब दलाई लामा जितनी सक्रियता से तिब्बत स्वायत्तता के लिए मुखर होते जायेंगे - तिब्बत सीमा पर हमारा कूटनीतिक पक्ष मजबूत होता रहेगा। पंचेन लामा भी अब भारत की शरण में आने से चीन के खिलाफ धार्मिक आस्था का परचम तिब्बत के निर्वासित लोग समय पर मजबूत करते रहे हैं। 20 सैनिकों की मौत के बाद भारत को चीन के साथ व्यापारिक और सैन्य सभी करारों पर दोबारा से दृष्टिपात करना जरूरी हो गया है। चीन अपने विस्तार के लिए अरूणाचल से लेकर कश्मीर तक किसी भी समझौते को पालन नहीं कर रहा है तो हमें भी अब पंचशील जैसे समझौते को रद्द कर तिब्बत की स्वायत्तता लौटाने की बात करनी चाहिए।

बांध के पानी को नदी में बहाने पर किसानों में आक्रोश

मीरजापुर। हलिया विकास खंड में बने अदवा बांध तथा सुखडा बांध के पानी को नहरों में न संचालित करते हुए इस पानी को निरर्थक नदी में बहाए जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त हह्य। बताते चलें कि एक पखवारे पूर्व किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की थी कि नहरों का संचालन करा दिया जाए। इसके बाद भी नहर नहीं खोली गई 40% किसानों की नर्सरी तह्यार हह्य। नहर खोल दिए जाने पर लोग अपने धानो की रोपाई तेजी से करना प्रारंभ कर देते लेकिन नहर में पानी न संचालित करते हुए सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने उजागर हो रही हह्य। बाध में संचित जल को अदवा नदी तथा नालों में बहाया जा रहा हह्य निश्चित रूप से बहते पानी को देख किसानों में

किसानो की नर्सरी तैयार तरसते रहे पानी को

किसानों में भगवत मौर्य, लल्लन तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, अमरनाथ मौर्य, इंदल मौर्य, रमाशंकर ओझा, जटाशंकर ओझा, विद्या कांत तिवारी, इंजीनियर पांडे, जानवी श्रीवास्तव, राम जी विश्वकर्मा आदि किसानों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया हह्य।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता पंकज पाडी शुक्ल ने बताया कि बाध में माह के रोस्टर के हिसाब से पानी रोका जाता हह्य। ज्यादा पानी होने के कारण गेट खोल कर नदी में निकाला जा रहा हह्य। नहर खोलने के संबंध में बताया कि 15 जुलाई से रोस्टर हह्य। लेकिन यदि किसानों की आवश्यकता हह्य तो शुक्रवार से नहर संचालित कर दी जाएगी।

अन्नपूर्णा मेले पर प्रशासन ने लगाई रोक

कन्नौज। तिर्वा का सिद्धपीठ माँ अन्नपूर्णा देवी का मंदिर करोड़ो भक्तों की आस्था का केंद्र हह्य। त्रिपुर सुंदरी के नाम से विख्यात माँ अन्नपूर्णा देवी पर भक्तों की अपार श्रद्धा हह्य। दशकों से आषाढ़ी पुर्णिमा पर माँ के दरबार में दर्जनों जिलों के ग्रामीण अंचल के लोग माँ अन्नपूर्णा के दरबार मे आषाढ़ी पूर्णिमा पर आकर अनाज चढ़ाते थे और अच्छी फसल के लिए मंदिर परिसर की मिट्टी अपने साथ ले जाते थे। दशकों से ये सिलसिला अनवरत चलता आ रहा हह्य लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के चलते प्रशासन ने एक दिवसीय मेले को अनुमति नहीं दी हह्य जिसके कारण इस बार कानपुर देहात, उन्नाव, हरदोई, फरुर्खाबाद, इटावा, उरई, जालौन, मुरह्यना, भिंड, ग्वालियर के लोग माँ के दरबार मे न तो मत्था टेक सकेंगे और न ही मंदिर परिसर की मिट्टी ले जा सकेंगे। मेला की अनुमति न मिलने से दुकानदार भी निराश हो गये। क्योंकि मेले में पड़ोस के एक दर्जन जिलो के हजारों लोग जुटते थे और खरीददारी करते थे।

मीरजापुर में अकाशीय बिजली ने सगे भाई बहन सहित चार की ली जान, कोहराम

